तीलू रौतेली राज्यस्तरीय पुरस्कार 2022-23 में 14 वीरांगनाओं और 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को मिला अवॉर्ड

चर्चा में क्यों?

8 अगस्त, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की 14 वीरांगनाओं और 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को तीलू रौतेली राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की वीरांगनाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। राज्य सरकार इनके सम्मान और सशक्तीकरण के लिये संकल्पबद्ध है।
- **इन्हें मिला सम्मान :**
  - पिथौरागढ़ की निवेदिता कार्की मुक्केबाज़ी के अपने सपने को पूरा करने के लिये अपनी बोर्ड परीक्षा छोड़कर स्वीडन में स्वर्ण पदक जीतने वाली और चीन में 20 किलोमीटर दौड़ स्पर्धा में कांस्य जीतने वाली चमोली की मानसी नेगी सहित 14 वीरांगनाओं को तीलू रौतेली राज्यस्तरीय पुरस्कार मिला।
  - खेल दिव्यांग वर्ग में पैरा एथलीट अल्मोड़ा की गरिमा जोशी, राज्यस्तरीय पैरा खिलाड़ी बागेश्वर की मोहिनी कोरंगा, कला एवं योग के क्षेत्र में चंपावत की शांभवी मुरारी, पर्वतारोहण दिव्यांग वर्ग में देहरादून की अमीशा चौहान, खेल में ताइक्वांडो की राज्यस्तरीय खिलाड़ी हरिद्वार की दिव्या भारद्वाज को यह पुरस्कार मिला है।
  - इनके अलावा साहित्य, शिक्षा के क्षेत्र में नैनीताल की मंजू पांडे, महिला रोज़गार के क्षेत्र में पौड़ी की नूतन पंत, पर्यावरण में रुद्रप्रयाग की प्रीति, खेल में टिहरी की हिमानी, खेल दिव्यांग वर्ग में उधमसिंह नगर की नीलिमा राय एवं साहसिक कार्य के क्षेत्र में उत्तरकाशी की ममता व नैनीताल की कमला अरोड़ा को तीलू रौतेली पुरस्कार मिला।
- राज्य सरकार ने राज्य की वीरांगना तीलू रौतेली के नाम से दिये जाने वाले पुरस्कार की धनराशि 20 हज़ार रुपए बढ़ा दी है। अब इसे 31 हज़ार से बढ़ाकर 51 हज़ार रुपए कर दिया गया है।
- वहीं, राज्यस्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता पुरस्कार की राशि में 30 हज़ार रुपए की वृद्धि कर दी गई है। अब इसे 21 हज़ार रुपए से बढ़ाकर 51 हज़ार रुपए कर दिया गया है।
- सभी वीरांगनाओं और कार्यकर्त्ताओं को सम्मान की राशि ऑनलाइन उनके खाते में जमा कराई गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/14-women-and-35-anganwadi-workers-received-awards-in-tilu-rauteli-state-level-award-2022-23